न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, धौलपुर

मु0नं0–54/2019

उनवान –सरकार बनाम अचलसिंह पुत्र गोकुलसिंह कुशवाहनि0वॉटर वर्कस चौराहा धौलपुर
मैसर्स गोकुल मिष्ठान भण्डार धौलपुर

(प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii)एफ0एस0एस0
एक्ट 2006 नियम 2011

निर्णय

दिनांक –14.12.2019

आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत में पेश हुई। उक्त प्रकरण के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रस्तुत प्रार्थना पत्र श्री आसिम दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धौलपुर ने अप्रार्थी श्री अचलसिंह पुत्र गोकुलसिंह कुशवाह जाति कुशवाह निवासी वॉटर वर्कस चौराहा धौलपुर (मैसर्स गोकुल मिष्ठान भण्डार धौलपुर) के विरुद्व अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2 (ii) एफ0एस0एस0 एक्ट 2006 रुल्स 2011 के तहत पेश किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 27.10.2018 को अप्रार्थी की दुकान गोकुल मिष्ठान भण्डार वॉटर वर्कस चौराहा धौलपुर का निरीक्षण करने के दौरान दुकान में लगभग 04 किलो ग्राम बूंदी के लडडू जो कि बेसन रिफाईण्ड सोयाबिन तेल एवं चीनी से निर्मित विक्रेता द्वारा बताये गये जो आम जनता को विक्रय करने हेतु रखा था। इसमें मिलावट का शक होने पर उक्त बूंदी के लडडू में से 2 किलो बूंदी के लडडू वास्ते नमूना जॉच अप्रार्थी से खरीदा गया। अप्रार्थी के पास खाद्य अनुज्ञापत्र होना जाहिर किया। उक्त 2 किलो ग्राम बूंदी के लडडू नमूना डी–1562 वास्ते जांच हेतु खाद्य विश्लेषक राजस्थान अलवर को भेजा गया। खाद्य विश्लेषक राजस्थान अलवर की रिपोर्ट दिनांक 20.11.2018 के अनुसार उक्त बूंदी के लडडू सबस्टैंडर्ड प्रकृति का होना पाया गया। प्रकरण दर्ज कर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी स्वंय उपस्थित हुआ। अप्रार्थी को आरोप नोटिस पढकर सुनाया गया। अप्रार्थी ने अपना जुर्म एवं जुर्माना स्वीकार किया तथा भविष्य में इस तरह की पुर्नावृति नही करने एवं कम से कम जुर्माना कर प्रकरण का निस्तारण करने की प्रार्थना की।

हमने पैरोकार सरकार व अप्रार्थी को सुना तथा पत्रावली पर उपलब्ध रेकार्ड का अवलोकन किया। अप्रार्थी द्वारा अपना जुर्म एवं जुर्माना स्वीकार करने से प्रमाणित होता है कि अप्रार्थी ने उक्त सबस्टैंडर्ड बेसन के लडडू का विक्रय करके खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा (ii) का उल्लंघन किया है। इस प्रकार अप्रार्थी सबस्टैंडर्ड बूंदी के लड्डू बेचने का दोषी है जो धारा 51 के तहत जुर्माना योग्य अपराध है।

अतः अप्रार्थी श्री अचलसिंह पुत्र गोकुलसिंह कुशवाह जाति कुशवाह निवासी वॉटर वर्कस चौराहा धौलपुर (मैसर्स गोकुल मिष्ठान भण्डार धौलपुर) पर राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना से प्रकरण के तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा के मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 के तहत 3,000/–रुपये (तीन हजार रु0) का जुर्माना लगाया जाता है। जुर्माने की राशि कैशियर कलेक्ट्रेट, धौलपुर को जमा करावें। बाद तकमील पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। प्रकरण नम्बर से कम किया जावे। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(नरेन्द्र कु0 वर्मा)
न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
धौलपुर (राज0)

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट धौलपुर (राज0)